हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 14 जून 2026

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

10 नवीन न्याय संहिता के प्रभावी क्रियान्वयन ...



12 शिक्षा और व्यक्तित्व विकास से ही बनेगा...








## खबर संक्षेप

### मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर जवाहर ने किया रक्तदान



हिरमी -रावण। भाजपा किसान मोर्चा के जिला मंत्री जवाहर वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित रक्तदान कार्यक्रम में स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन मिलता है। उन्होंने लोगों से नियमित रूप से रक्तदान कर मानव सेवा में भागीदारी निभाने की अपील की। जवाहर वर्मा के इस प्रेरणादायक कार्य की क्षेत्रवासियों ने सराहना करते हुए इसे समाजहित में महत्वपूर्ण कदम बताया।

### नशा मुक्ति अभियान से महिलाएं गांव की करेंगी निगरानी




**हिरमी-रावण**। ग्राम भालेसूर में नशा मुक्ति अभियान को सफल बनाने के लिए महिलाओं ने कमान संभाल ली है। ग्राम के नवनिर्वाचित सरपंच नवीन कुमार वर्मा के मार्गदर्शन एवं निगरानी में गठित महिला संगठन द्वारा गांव में जागरूकता रैली निकालकर नशे के विरुद्ध जनजागरण अभियान चलाया गया। महिलाओं ने गांव को नशामुक्त बनाने तथा अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने का संकल्प लिया। अभियान के दौरान योजित बैठक में गांव में अवैध शराब की बिक्री, चौक-चौराहों पर खुलेआम शराब सेवन, सार्वजनिक स्थलों पर नशाखोरी तथा दुकानों में डिस्पोजल और पानी की आड़ में होने वाली गतिविधियों पर रोक लगाने जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई।अभियान में नीलेश्वरी धुरंधर, प्रभा वर्मा, वृंदा वर्मा, पिंकी ध्रुव, शिवकुमारी ध्रुव, चमेली वर्मा, कृष्णाबाई वर्मा, ईश्वरी रजक, प्रमिला टंडन, हीराबाई वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं शामिल रहीं। सभी ने एकजुट होकर गांव को नशामुक्त, स्वच्छ और सुरक्षित बनाने का संकल्प लिया।

### डंपर ने बाइक को ठोका युवक की मौत

**रायपुर**। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के राजभवन के पास बुधवार तड़के 3-4 बजे एक तेज रफ्तार डंपर की ठोकर लगने से बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक सवार एक अन्य युवक घायल हुआ है। पुलिस के मुताबिक, डंपर सीजी-13 एआर-3315 के चालक ने लापरवाही से तेज रफ्तार गाड़ी चलाते हुए मूलतः मध्यप्रदेश के रहने वाला संजय सेन की बाइक को ठोकर मार दी। संजय अपने एक अन्य साथी गुरजीत सिंह उर्फ मक्खन सिंह के साथ सैर करने निकला था। इस दौरान डंपर चालक ने बाइक को पीछे से ठोकर मार दी।

# स्कूलों में एप से दर्ज होगी शिक्षकों की उपस्थिति, लेट आने पर कटेगा वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- एक बीईओ को नोटिस के निर्देश
- कलेक्टर ने की स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा

राज्य शासन के निर्देशानुसार आगामी 16 जून से जिले के स्कूल खुलेंगे और सभी शैक्षणिक गतिविधियों शुरू होंगी। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने शनिवार को स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में स्कूल खुलने से पहले पेयजल, बिजली, शौचालय, साफ-सफाई जैसे बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने तथा स्कूल का वातावरण बच्चों के लिये प्रतियोगी और सौहार्द्रपूर्ण बनाने के निर्देश दिये।

कलेक्टर शर्मा ने विगत वर्ष 10 एवं 12वीं कक्षा के परिणाम की विस्तृत समीक्षा करते हुए बहुत कमजोर प्रदर्शन वाले विकासखंड पलारी, सिमगा एवं कसडोल के कई स्कूल के प्राचायों से कारण पूछा। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कड़ी चेतवानी देते हुए कहा कि इस बार कोई बहानेबाजी नहीं चलेगी। प्राचार्य पूरे स्कूल की मॉनिटरिंग करें। शिक्षकों की शैक्षिक गतिविधियों एवं विद्यार्थियों पर भी निगरानी रखें और स्कूल का माहौल बेहतर बनाएं। उन्होंने इस दौरान विकासखंड पलारी में अधिकांश स्कूलों का औसत प्रदर्शन, कई स्कूलों के प्राचार्य और शिक्षकों के ▶▶ शेष पेज 11 पर

### ऑनलाइन अटेंडेंस जरूरी

कलेक्टर शर्मा ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार 16 जून से सभी स्कूलों में व्हीएसके एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज होगी। इसके साथ ही छुट्टी के लिये आवेदन भी ऑनलाइन देना होगा। ऑफ लाइन आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि आधा घण्टा लेट स्कूल आने पर एक दिन का वेतन काटा जाएगा। उन्होंने प्रतिदिन स्कूलों के अटेंडेंन्स रिपोर्ट जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

### बोर्ड परीक्षा में खराब रिजल्ट वाले स्कूलों के प्राचार्यों को चेतावनी



#### बोर्ड परीक्षा में बेहतर रिजल्ट के लिये मिशन उत्कर्ष

बोर्ड परीक्षा परिणाम को बेहतर करने और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिये जिला प्रशासन द्वारा मिशन उत्कर्ष 2026-27 शुरू किया जाएगा। कलेक्टर श्री शर्मा ने बताया कि इसके तहत 10 वीं 12 के बच्चों का हर स्कूल में मासिक टेस्ट होगा। स्कूल एवं विद्यर्थीवार प्रगति रिपोर्ट बनेगी। स्कूल और बच्चों के प्रदर्शन के अनुसार कमजोर पक्षों के सुधार के लिये रिमेडियल क्लास की व्यवस्था,ऑनलाइन क्लास की व्यवस्था होगी। इसके साथ ही 13 विषय के लगभग 130 व्याख्याताओं की पीएलसी टीम गठित की गई है जो स्कूलों का मिनिटरिंग करेंगे। पहले 6 महीने के लिये टेस्ट पेपर की तैयारी की जाएगी। जिन स्कूलों में किसी विषय के शिक्षक नहीं हैं उन स्कूलों में जिला मुख्यालय से ऑनलाइन क्लास की सुविधा होंगी।

### कार्रवाई : ग्रामीणों ने लगाया जहरीली शराब पिलाकर हत्या का आरोप

# एक ही गांव में 8 लोगों की मौतों का रहस्य गहराया, कब्र से निकाले गए शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

विकासखंड मुख्यालय से महज कुछ ही दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत खर्वे, जहां पिछले कुछ महीनों के दौरान हुई आठ लोगों की मौतों ने पूरे इलाके को दहशत में डाल दिया है। मामला तब और सनसनीखेज हो गया जब सैकड़ों ग्रामीणों ने कसडोल थाने पहुंचकर गांव के ही एक व्यक्ति पर शराब में जहर मिलाकर लोगों को पिलाने का गंभीर आरोप लगाया। शिकायत मिलते ही पुलिस और प्रशासन हरकत में आयी और मामले की गहन जांच शुरू कर दी गई।

#### एफएसएल टीम जुटा रही साक्ष्य

शनिवार को पुलिस, प्रशासन और फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) की टीम गांव पहुंची। जांच के तहत पहले से दफन किए गए शवों को कब्र से निकालकर परीक्षण की प्रक्रिया शुरू की गई। पूरे घटनाक्रम के दौरान गांव में भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और माहौल बेहद संवेदनशील बना हुआ है।



#### जहरीली शराब की आशंका जताई

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के रामसाय जायसवाल ने शराब में कथित रूप से जहरीला पदार्थ मिलाकर बद्री पटेल, बुटालु साहू, छत्तूराम साहू, बुदलू जायसवाल, विनोद साहू, गजानन मांझी, चैतु साहू और महेतरू साहू को पिलाया, जिसके बाद उनकी मौत हो गई। जिसकी लिखित शिकायत कसडोल थाने में कई गई है ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

#### रिपोर्ट के बाद होगा बड़ा खुलासा

शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ा दिया है। एफएसएल टीम मौके से साक्ष्य एकत्र कर रही है, जबकि शवों का परीक्षण कर मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। इस पूरे घटना पर एसडीओपी कौशल किशोर वासनिक ने बताया कि मामले के हर पहलू की बारीकी से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम और फॉरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद ही मौतों के कारणों और संभावित जिम्मेदारों के संबंध में स्पष्ट स्थिति सामने आ सकेगी। फिलहाल पूरे गांव की निगाहें जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं। यदि ग्रामीणों के आरोप सही साबित होते हैं, तो यह मामला जिले की सबसे बड़ी संदिग्ध मौतों में से एक बन सकता है।

## आईफोन और चांदी के सिक्के चोरी करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

थाना भटगांव क्षेत्र के अंतर्गत एक घरेलू नौकर द्वारा अपने ही मालिक के घर में चोरी की घटना को अंजाम देने का मामला सामने आया है। आरोपी नौकर घर से एक कीमती आईफोन और मंदिर से चांदी के सिक्के लेकर फरार हो गया था। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महज 48 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी का शत-प्रतिशत मशरूका बरामद कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, वार्ड क्रमांक 2 नगर पंचायत भटगांव निवासी प्रार्थी भूपेंद्र कुमार साहू 35 वर्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि पिछले करीब दो वर्षों से उन्होंने ग्राम अमोदी थाना गिधौरी निवासी राजकुमार जायसवाल उर्फ मोनू को घरेलू काम के लिए मासिक वेतन पर रखा था। ▶▶ शेष पेज 11 पर

## मारपीट का आरोपी गिरफ्तार



**पलारी**। थाना पुलिस ने गाली-गलौज, मारपीट और अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया है। पुलिस अधीक्षक ओ.पी. शर्मा के निर्देशन में जिले में अपराधियों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार, ग्राम गातापार निवासी संदेशन चंदेल 35 वर्ष ने थाना पलारी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उन्होंने ग्राम ▶▶ शेष पेज 11 पर

## पुराने विवाद में महिला की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- ईंट से ताबड़तोड़ वार कर ली जान

शहर में एक महिला की निर्मम हत्या के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को घटना के कुछ घंटों के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, पुराने विवाद के चलते आरोपी ने महिला पर ईंट से प्राणघातक हमला कर उसकी हत्या कर दी थी। मामले में आरोपी के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर उसे न्यायिक प्रक्रिया के तहत न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है।



पुलिस अधीक्षक ओपी शर्मा के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में सिटी कोतवाली पुलिस ने गंभीर अपराध पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को घेराबंदी कर हिरासत में लिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 103(1) में मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान देवेन्द्र ध्रुव उर्फ डमरू 25 वर्ष पिता बिश्राम ध्रुव निवासी सिविल लाइन बलौदाबाजार के रूप में हुई है। मामले के प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी पत्नी पुष्पा ध्रुव एवं आरोपी के बीच पूर्व में प्रेम प्रसंग को लेकर विवाद ▶▶ शेष पेज 11 पर

## भवन निर्माण में अनियमितता सीईओ ने दिए जांच के आदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

- ग्रामीणों ने की शिकायत तो सरपंच ने दी धमकी

विकासखंड मुख्यालय से महज कुछ ही दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत पिसीद के सरपंच कार्तिक बंजारे पर अनियमितता और ग्रामीणों को धमकाने के आरोप लग रहे हैं। 10 लाख की लागत से बन रहे सामुदायिक भवन में गुणवत्ताहीन कार्य का विरोध करने पर सरपंच ने ग्रामीणों को खुलेआम चुनौती दे डाली है। रेशान ग्रामीणों ने अब इस मामले की शिकायत कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से की है।

यह पूरा मामला बलौदाबाजार जिले के कसडोल जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत पिसीद का है। यहां इन दिनों सरपंच कार्तिक बंजारे की मनमानी और अनर्गल बात करने की चर्चा हर जुबान पर है। दरअसल पिसीद ग्राम पंचायत में लगभग ▶▶ शेष पेज 11 पर

#### कलेक्टर और एसपी से भी ग्रामीणों ने की शिकायत

ग्रामीणों ने अब इस मामले की लिखित शिकायत जिले के कलेक्टर और एसपी से भी की है और सरपंच पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पहले भी जनपद सीईओ से शिकायत की थी कि काम बहुत घटिया हो रहा है। न तो सही मात्रा में सीमेंट डाला जा रहा है और न ही सरिया और ईट जोड़ाई में भी भारी गैप। उक्त निर्माण को लेकर जब ग्रामीणों सरपंच कार्तिक बंजारे से बात की तो काम को सुधरने के बजाय ग्रामीणों को धमकी देने लगे। तब ग्रामीण न्याय के लिए कसडोल जनपद पंचायत और बलौदा बाजार कलेक्टर साहब के पास फरियाद लेकर पहुंचे।

#### सीईओ बोले - शिकायत मिली है, जांच होगी

इस पूरे मामले पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कसडोल कमलेश साहू ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा शिकायत प्राप्त हुई है, जिसमें पिसीद ग्राम पंचायत में बन रहे भवन के निर्माण कार्य की जांच के लिए तीन सदस्यीय तकनीकी टीम भेजी जा रही है। अगर निर्माण कार्य में गुणवत्ता की कमी पाई जाती है, तो काम रुकवाया जाएगा और संबंधित सरपंच के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन और पुलिस ग्रामीणों को धमकाने वाले सरपंच पर क्या कार्रवाई करती है और मरार समाज के लिय बनने वाला यह भवन निर्माण कार्य कब सही होता हैं।

### औषधीय वनस्पतियों पर एक दिवसीय बॉटनाइजेशन कार्यशाला

# देवपुर के वन में 80 से अधिक औषधीय वनस्पतियों की पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

वनमंडल कसडोल अंतर्गत देवपुर परिक्षेत्र में वन बल प्रमुख अरुण कुमार पांडेय के मार्गदर्शन में औषधीय वनस्पतियों की पहचान एवं उनके महत्व पर केंद्रित एक दिवसीय बॉटनाइजेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य वन क्षेत्र में उपलब्ध औषधीय पौधों की पहचान, उनके विभिन्न अंगों जैसे छाल, पत्ती, तना, जड़, फल एवं फूल के आधार पर वर्गीकरण तथा उनके औषधीय महत्व की जानकारी प्रदान करना था।



कार्यशाला में वनमंडल बलौदाबाजार, वनमंडल कवर्धा एवं उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के अधिकारी एवं कर्मचारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त पारंपरिक वनौषधी ज्ञान रखने वाले वैद्यगण, वन प्रबंधन समिति के सदस्य, बारनवापारा के गाइड्स तथा छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान अर्जुन, आंवला, बहेड़ा, बेल, काली मुसली, हाथीपांव, दूधी, भुईनीम, सतावर, खरहर, ठेलका, नरनारी, गरुड़ सहित लगभग 80 औषधीय वनस्पति प्रजातियों की पहचान कराई गई। विशेषज्ञों द्वारा इन प्रजातियों के पर्यावरणीय व्यवहार, संरक्षण की आवश्यकता तथा उनके फल, फूल, पत्ती, जड़ एवं अन्य भागों के माध्यम से विभिन्न मानवीय रोगों के उपचार में उपयोग संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही स्वस्थ, निरोग एवं दीर्घायु जीवनशैली के लिए प्रकृति आधारित ज्ञान के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। वन मंडल अधिकारी बलौदाबाजार धम्मशील गणवीर ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य 'केवल औषधीय ज्ञान का प्रसार करना ही नहीं बल्कि इस ज्ञान को समाज के अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाकर वृक्षों एवं वनस्पतियों के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनसहभागिता को प्रोत्साहित करना भी था।

## खबर संक्षेप



### पीएम मोदी के 12 वर्षों का कार्यकाल सेवा, विकास का स्वर्णिम अध्याय : गांधी

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा के "विश्वास, विकास और लोक कल्याण के 12 वर्ष" अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में भाजपा छत्तीसगढ़ प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी ने श्रीशुद्धाद्वैत पंचम पीठाधीश्वर पूज्य वल्लभलाल महाराज (कामवन छठी बैठक, चंपारण) से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्हें केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों पर आधारित एक विशेष किताब भेंट की। भेंटवार्ता के दौरान केंद्र सरकार की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं, विकासात्मक पहलों एवं राष्ट्रीय हित में लिए गए प्रमुख निर्णयों पर संक्षिप्त चर्चा की। श्री गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी का 12 वर्षों का कार्यकाल गरीब कल्याण, सुशासन, राष्ट्र निर्माण और अंत्योदय के संकल्प को समर्पित रहा है। उनके नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी मजबूत पहचान स्थापित की है तथा देश विकास, आत्मनिर्भरता और जनभागीदारी के नए युग में प्रवेश कर चुका है। प्रधानमंत्री मोदीजी का नेतृत्व विकसित भारत के निर्माण की मजबूत आधारशिला है।

### विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर आयोग का छापा

**रायपुर।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के नेतृत्व में रायपुर के उरला औद्योगिक क्षेत्र से 9 नाबालिग बच्चों एवं रायपुर जीआरपी के माध्यम से 4 बच्चों का रेस्क्यू कर कुल 13 बच्चों को संरक्षण में लिया। आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा के नेतृत्व में राजधानी रायपुर के उरला स्थित मारुति नंदन स्ट्रक्चर इंडस्ट्रीज में विशेष औचक छापामार कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि लोहे की फैक्ट्री में नाबालिग बच्चों से गंभीर एवं जोखिमपूर्ण प्रकृति का कार्य कराया जा रहा था। मौके से 9 बच्चों को तत्काल संरक्षण में लेकर नियमानुसार प्रकरण दर्ज किया। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि रेस्क्यू किए गए बच्चे ओडिशा, उत्तरप्रदेश के बरेली एवं पश्चिम बंगाल के आसनसोल के निवासी है। बच्चों को एक ठेकेदार के माध्यम से रायपुर लाया गया था, जो बिहार का रहने वाला है। मामले में संबंधित ठेकेदार, बच्चों को यहां लाने वाले अन्य व्यक्तियों तथा संभावित बाल तस्करी के पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है। बच्चों के परिजनों से संपर्क स्थापित करने की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है।

### रेलवे स्टेशन मार्ग से हटाए गए 17 अवैध ठेले, सामान जब्त



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन मार्ग पर शुक्रवार को टीम प्रहरी ने अभियान चलाकर 17 अवैध ठेलों को हटाने हुए उनके सामानों को जब्ती बनाया है। इस मार्ग पर टीम ने पूर्व में भी अभियान चलाकर कार्रवाई की थी, साथ ही अवैध ठेला लगाने वालों को समझाइश के साथ चेतावनी भी दी थी कि दोबारा सड़क पर ठेला लगाने पर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस चेतावनी के बाद भी इस मार्ग पर छोटे व्यवसायी अवैध रूप से ठेला लगाकर व्यवसाय कर रहे थे, जिनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई।

### नक्शे के विपरीत निर्माण को निगम अमले ने तोड़ा

**रायपुर।** शहर के जोन-7 अंतर्गत शहीद मनमोहन सिंह बख्शी वार्ड क्रमांक-23 के अंबेडकर चौक के पास सरस्वती रेलवे स्टेशन के पास कोटा में नक्शा के विपरीत एक भवन में निर्माण किया गया था। इसकी जानकारी मिलने पर संबंधित भवन मालिक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था।

# ग्लूकोमा और रेटिनोपैथी समेत आंखों की बीमारी के बढ़ रहे मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में मोतियाबिंद ही नहीं, आंखों से संबंधित दूसरी बीमारी के मरीज भी लगातार बढ़ रहे हैं। ग्लूकोमा, रेटिनोपैथी जैसी समस्या वाले 95 हजार मरीजों के इलाज का पिछली बार अनुमानित लक्ष्य रखा गया। इसकी तुलना में विभाग 1.14 लाख से ज्यादा मरीजों का इलाज कर लक्ष्य से बीस प्रतिशत आगे निकल गया। प्रदेश में बड़ों के साथ छोटे बच्चों की नजर धुंधली की समस्याएं भी लगातार बढ़ रही हैं।

हरिभूमि सरोकार

राज्य में मोतियाबिंद की वजह से अंधत्व की समस्या को खत्म करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसके अलावा भी अन्य तरह की बीमारियां लोगों की आंखों को खराब कर रही हैं। 40 के बाद होने वाले ग्लूकोमा और डायबिटिक रेटिनोपैथी के साथ बच्चों की नजर कमजोर होने की समस्या भी ज्यादा बढ़ चुकी है। शिकायत होने पर लोग सरकारी के साथ निजी अस्पतालों में भी जाकर अपना इलाज करवा रहे हैं। राज्य में आंखों से जुड़ी गंभीर बीमारियों के मामलों में भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। स्वास्थ्य विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में तय किए गए 95 हजार मरीजों के इलाज के वार्षिक लक्ष्य के मुकाबले कुल 1 लाख 14, 342 मरीजों का उपचार किया। यह आंकड़ा तय टार्गेट से करीब 20 प्रतिशत अधिक है, जो प्रदेश में आंखों की बीमारियों के बढ़ते प्रकोप को दर्शाता है।

चिकित्सकों की मानें, तो डायबिटीज की समस्या लाइफ स्टाइल में शामिल होने के साथ आंखों की समस्याओं का कारण भी बन रही है। स्वास्थ्य विभाग आंखों के इलाज के साथ इसकी बीमारियों से बचने के लिए विभिन्न तरह से जागरूकता अभियान भी चलाता है। चिकित्सकों का कहना है कि आंख शरीर का सबसे नाजुक अंग है, इसके बाद भी लोग इसकी देखभाल में लापरवाही करते हैं और छोटी समस्या बड़ी बन जाती है।


### नेत्रदान के मामले में पिछड़ा

राज्य में नेत्रदान के प्रति लोगों के जागरुक होने के दावे तो किए जा रहे हैं। विभिन्न आयोजनों में लोगों अंगदान के साथ नेत्रदान करने की घोषणा भी कर रहे हैं। बावजूद इसके नेत्रदान का आंकड़ा टार्गेट से पिछड़ रहा है और प्रतीक्षारत सूची लगातार बढ़ रही है। पिछले साल पांच सौ नेत्रदान कराने का लक्ष्य रखा गया था मगर आंकड़ा 354 में ही सिमट गया।

### दूसरी बीमारी के इलाज का 95 हजार लक्ष्य इलाज हुआ 1.14 लाख से ज्यादा का



**लक्ष्य से बीस फीसदी आगे निकला आंकड़ा**



### खूब बांटे गए चश्मे

*स्वास्थ्य विभाग की अंधत्व निवारण टीम ने पिछले साल आंखों की जांच कर जरूरतमंदों में निशुल्क चश्मों का वितरण भी किया। स्कूली बच्चों तथा अन्य आयु के लोगों की जांच के दौरान 90 हजार का लक्ष्य निर्धारित किया गया है इसकी तुलना में 90 हजार से ज्यादा चश्मों का वितरण किया गया। चिंता का विषय चश्मे की आवश्यकता वाले छोटे बच्चों की संख्या का बढ़ना है।*

## देवघर में दबिश, साइबर ठगी नेटवर्क के दो आरोपी पुलिस के शिकंजे में

# अंतर्राज्यीय गिरोह के दो शातिरों को झारखंड से लेकर आई पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए झारखंड के देवघर में दबिश देकर अंतरराज्यीय साइबर ठगी गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक स्थायी वारंटी भी शामिल है। आरोपियों पर फर्जी एपीके फाइल के माध्यम से मोबाइल फोन हैक कर बैंक खातों से रकम निकालने का आरोप है।

पुलिस अधीक्षक ओपी शर्मा के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में थाना सिटी कोतवाली एवं साइबर सेल की टीम ने प्रकरण में धारा 318(4) बीएनएस एवं 335 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए झारखंड के देवघर जिले से दोनों आरोपी लाल मोहम्मद अंसारी उर्फ लालबाबू 35 वर्ष पिता रफीक मियां और मुस्तफा अंसारी 30 वर्ष पिता युसूफ अंसारी दोनों निवासी पंचरूखी, थाना मार्गोमुंडा, जिला देवघर झारखंड को गिरफ्तार किया है।

तकनीकी जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि ठगी की राशि कोलकाता स्थित बंधन बैंक के एक खाते में स्थानांतरित की गई थी। यह खाता शौविक राजवंशी नामक व्यक्ति के नाम पर था। आगे की जांच में खुलासा हुआ कि यह खाता देवघर निवासी स्थायी वारंटी मुस्तफा अंसारी के कहने पर कमीशन के लालच में खुलवाया गया था।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने झारखंड के देवघर जिले में दबिश देकर गिरोह के सदस्य मुस्तफा अंसारी और लाल मोहम्मद अंसारी उर्फ लालबाबू को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी पंचरूखी, थाना मार्गोमुंडा, जिला देवघर झारखंड के निवासी हैं। आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त ओप्पो कंपनी का मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि गिरोह का मुख्य सरगना एवं खातों का संचालन करने वाला व्यक्ति झारखंड के जामताड़ा क्षेत्र का निवासी है, जिसकी तलाश की जा रही है। आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने फर्जी एपीके फाइल खरीदकर लोगों के मोबाइल फोन का एक्सेस हासिल किया और उनके बैंक खातों से रकम निकालने की वारदातों को अंजाम दिया।गिरफ्तार आरोपी लाल मोहम्मद अंसारी को झारखंड के मधुपुर न्यायालय से ट्रांजिट रिमांड पर तथा स्थायी वारंटी मुस्तफा अंसारी को बलौदाबाजार लाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय ने आरोपियों को 25 जून तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस का मानना है कि पूछताछ के दौरान साइबर ठगी के इस अंतरराज्यीय नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों और बैंक खातों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ सकती है।

### 3.74 लाख की ठगी का खुलासा, मुख्य सरगना की तलाश जारी



### मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई

पुलिस के अनुसार, संजय कॉलोनी बलौदाबाजार निवासी महेंद्र त्रिपाठी के मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से संदेश प्राप्त हुआ था। इसके बाद साइबर ठगों ने उनके भारतीय स्टेट बैंक, गार्डन चौक शाखा स्थित खाते से अलग-अलग किश्तों में कुल 3 लाख 74 हजार की धोखाधड़ी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर थाना सिटी कोतवाली में मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई।

## महतारी वंदन योजना के दूसरे चरण का इंतजार, कई महिलाएं लाभ से अब भी वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

प्रदेश में महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की लाखों महिलाओं को प्रतिमाह आर्थिक सहायता का लाभ मिल रहा है, लेकिन आज भी बड़ी संख्या में ऐसी विवाहित महिलाएं हैं, जो किसी न किसी कारण से योजना से वंचित है और नए आवेदन की प्रक्रिया शुरू होने का इंतजार कर रही है।

ग्रामीण क्षेत्र में कई महिलाओं का कहना है कि योजना के प्रारंभिक चरण में उम्र दस्तावेजों की कमी कमाने खाने अन्य प्रांत जाने अथवा अन्य कारणों से उनका आवेदन नहीं हो पाया था, लेकिन सभी पात्रता की शर्तें पूरी कर चुकी है, लेकिन नए आवेदन भरने के संबंध में कोई स्पष्ट सूचना नहीं मिलने से वह लाभ से वंचित है। महिलाओं का कहना है कि कई परिवारों में सास को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है, जबकि बहुत पत्र होने के बावजूद योजना में शामिल नहीं हो पाई है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार नए आवेदन खोलने की मांग उठ रही है।

गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने अपने प्रमुख वादों में विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपए की सहायता देने की घोषणा की थी। सरकार बनने के बाद योजना लागू हुई और बड़ी संख्या में महिलाओं को उसका लाभ मिल रहा है। हालांकि प्रारंभिक चरण में छूट गई महिलाओं को अब भी दूसरे चरण के आवेदन का इंतजार है। ग्रामीण


महतारी वंदन योजना का उद्देश्य विवाहित महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। हितग्राहियों का मानना है की योजना का लाभ सभी पात्र महिलाओं तक पहुंचना चाहिए ताकि शासन की मंशा पूरी तरह सफल हो सके।

### हाईटेक महिला योग भवन-जुंबा सेंटर का लोकार्पण आज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के पश्चिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विप्र नगर रायपुरा में प्रदेश का पहला हाईटेक महतारी सदन, महिला योग भवन एवं महिला जुंबा सेंटर का निर्माण हुआ है। 80 लाख की लागत से निर्मित इस नए भवन का लोकार्पण 14 जून को सांसद बृजमोहन अग्रवाल करेंगे, वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक राजेश मूणत करेंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा एवं नगर निगम की महापौर मीनल चौबे मौजूद रहेंगी।

## ई-केवायसी कराने के बाद भी नहीं मिल रहा राशन

# नए राशनकार्ड धारक को दो माह बाद खाद्यान्न, हितग्राही परेशान





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राशन कार्ड धारकों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। एक के बाद एक कोई न कोई समस्या से हितग्राही परेशान हो रहे हैं। एक ओर जहां नया राशन कार्ड बनाने के बाद भी हितग्राहियों को दो महीने के बाद खाद्यान्न मिल रहा है, तो वहीं ई-केवायसी कराने के बाद भी हितग्राहियों को खाद्यान्न नहीं मिल पा रहा है।

राजधानी रायपुर में ऐसे ही कई मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें नए कार्ड धारक को दो महीने के बाद यानी तीसरे महीने से खाद्यान्न मिल पा रहा है। इसी प्रकार ई-केवायसी कराने के बाद भी हितग्राहियों को केवायसी नहीं होने की जानकारी साफ्टवेयर में दिखाई दे रही है, जिसके कारण उन्हें राशन दुकानों से खाली हाथ लौटने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

हरिभूमि सरोकार

नगर निगम के जोन कार्यालय से लेकर खाद्य विभाग में इस तरह की कई शिकायते पहुंच रही हैं, जिसमें ईकेवायसी कराने के बाद कुछ महीनों तक खाद्यान्न मिलने के बाद अचानक केवायसी नहीं होने का मैसेज बताकर खाद्यान्न मिलना बंद हो जा रहा है। नए कार्ड धारक का समय रहते साफ्टवेयर में उसके कोटे का खाद्यान्न चढ़ाया नहीं जा रहा है, जिससे राशन दुकान की ईपॉस मशीन के साफ्टवेयर में यह शो नहीं करता है। यही वजह है कि नए कार्ड धारक को खाद्यान्न दो महीने के बाद मिल पा रहा है।

### कहीं कहीं इस तरह की समस्या

कहीं-कहीं इस तरह की समस्या आ रही है। कुछ शिकायतें भी आई हैं। साफ्टवेयर में तकनीकी कारण से इस तरह की परेशानी आ रही है। ईकेवायसी कराना अनिवार्य है, इसलिए अगर राशन नहीं मिल रहा है, तो केवायसी जरूर कराएं।
- भूपेंद्र मिश्रा, खाद्य नियंत्रक रायपुर

### नए कार्ड धारक का साफ्टवेयर में नहीं दिखता आवंटन

राशन दुकानों में जिस माह में हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण होता है, उसके पूर्व महीने में ही खाद्यान्न का आवंटन कर दिया जाता है। इस तरह एक माह पूर्व खाद्यान्न का आवंटन होता है, ताकि अगले माह की एक तारीख से हितग्राहियों को खाद्यान्न मिल सके। इस प्रक्रिया के कारण नए कार्ड धारकों को दो महीने तक खाद्यान्न से वंचित होना पड़ रहा है। उदाहरण के तौर पर अगर जून में प्रथम सप्ताह में भी नया राशन कार्ड बनता है, तो उसे चालू माह के अलावा जुलाई में भी खाद्यान्न मिल नहीं पाएगा, जबकि खाद्यान्न का आवंटन माह खत्म होने के लगभग एक सप्ताह पहले किया जाता है।

### ईकेवायसी में दिक्कत, कराने के बाद भी सत्यापन होना नहीं दिखा रहा

वन नेशन वन कार्ड योजना के तहत अब प्रत्येक राशन कार्ड सदस्य को ई-केवायसी कराना अनिवार्य किया गया है। इसके चलते प्रदेशभर में 2 करोड़ 40 लाख से अधिक सदस्यों ने ईकेवायसी भी करा लिया हैं, वहीं नए कार्ड के सदस्य भी ईकेवायसी करा रहे हैं। कई सदस्यों को ईकेवायसी कराने के बाद भी राशन मिल नहीं पा रहा है, वहीं कई सदस्य ऐसे भी हैं, जिन्हें केवायसी कराने के कुछ महीने तक खाद्यान्न मिला है, लेकिन फिर अचानक साफ्टवेयर में उनका केवायसी लंबित बता रहा है। इससे उन्हें खाद्यान्न मिलना बंद हो गया है। हालांकि विभाग के अधिकारी इसके पीछे की वजह साफ्टवेयर में तकनीकी समस्या आना बता रहे हैं।

## पुरुषोत्तम मास भगवान विष्णुजी को समर्पित, अधिक फलदायी है पाठ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुरुषोत्तम मास में शहर के मंदिरों में विविध आयोजन किए जा रहे हैं। इनमें अखंड रामायण पाठ से लेकर प्रसादी वितरण तक शामिल है।

इसी कड़ी में बूढ़ापारा स्थित श्री संकटमोचन वीर हनुमान मंदिर में एक दिवसीय अखंड रामायण पाठ का किया गया। मंदिर प्रांगण में पाठ प्रारंभ एकादशी तिथि को 12 बजे से हुआ। पाठ की पूर्णाहुति शुक्रवार द्वादशी तिथि को दी गई। इसके पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। देर रात तक प्रसादी वितरण चलता रहा। उमस भरी गर्मी के बाद भी अखंड पाठ में बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। इस अवसर पर मंदिर में विग्रहों का विशेष श्रृंगार किया गया। रामायण पाठ में शामिल होने के साथ भक्तों ने दर्शन लाभ लिया।

### अधिकमास में अधिक फल प्राप्ति

मंदिर के पं. राजेश शर्मा ने कहा, हिंदू पंचांग के अनुसार पुरुषोत्तम मास 17 मई से प्रारंभ हुआ है। यह 15 जून को सोमवती अमावस तक रहेगा। सौर और चंद्र कैलेंडर के बीच संतुलन बनाने के लिए हर तीन साल में आने वाला यह महीना बेहद पवित्र माना जाता है। यह माह विशेष रुप से भगवान विष्णु और श्रीकृष्ण की साधना को समर्पित होता है। अतिरिक्त मास में अखंड रामायण पाठ करने का महत्व अत्यंत विशेष माना जाता है, क्योंकि इस पवित्र माह में किए गए धार्मिक अनुष्ठानों और जप का पुण्य फल कई गुणा अधिक प्राप्त होता है।

## स्टाइपेंड के भुगतान में समस्या, जूडा ने अतिरिक्त संचालक से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने आज अतिरिक्त संचालक, वित्त विभाग से मुलाकात कर रेज़िडेंट डॉक्टरों के स्टाइपेंड भुगतान से संबंधित समस्याओं एवं प्रशासनिक जटिलताओं से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने विस्तार से वर्तमान व्यवस्था में आ रही कठिनाइयों तथा उनके कारण रेज़िडेंट डॉक्टरों पर पड़ रहे प्रभाव की जानकारी दी।

जूडा के अध्यक्ष डा. पीयूष श्रीवास्तव ने बताया कि अतिरिक्त संचालक ने विषय को गंभीरता से लेते हुए तत्काल वित्त अधिकारी से दूरभाष पर चर्च कर सोमवार को संबंधित अधिकारियों की बैठक बुलाने का आश्वासन दिया है। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि उनके समक्ष वित्त अधिकारी एवं संबंधित कर्मचारियों के साथ बैठक कर आवश्यक प्रक्रिया एवं सूची तैयार करवाई जाएगी, जिससे समस्या के समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें।जूडा अध्यक्ष ने कहा कि जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन का उद्देश्य केवल तात्कालिक राहत प्राप्त करना नहीं, बल्कि ऐसी स्थायी एवं पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करना है जिससे भविष्य में रेज़िडेंट डॉक्टरों को स्टाइपेंड भुगतान संबंधी किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उम्मीद जताई गई है कि प्रशासन के सकारात्मक सहयोग से इस लंबे समय से लंबित विषय का शीघ्र एवं स्थायी समाधान प्राप्त होगा। एसोसिएशन रेज़िडेंट डॉक्टरों के हितों की रक्षा तथा समस्या के समाधान हेतु निरंतर प्रयासरत है।

# प्लास्टिक शीशी के फेर में अंग्रेजी शराब क्वार्टर के सभी ब्रांड गायब

**अफसरों के अनुसार आने वाले महीने में स्थित सुधर सकती है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विदेशी शराब दुकानों में ब्रांड को लेकर शराब के शौकीन हमेशा परेशान रहते हैं। वर्तमान में अंग्रेजी शराब में चर्चित ब्रांड की शराब दुकानों से गायब है। अंग्रेजी शराब दुकान में काम करने वाले कर्मचारियों से संपर्क करने पर उन लोगों ने बताया कि उनके पास चाहे गए ब्रांड की सप्लाई ही नहीं हो रही है। इससे लोगों को उनकी मांग के अनुरूप ब्रांड नहीं दे पा रहे हैं।

आबकारी विभाग के अफसरों से बात करने पर उन लोगों ने बताया कि कांच की जगह प्लास्टिक बोतल के साथ सीसी में शराब की बिक्री होगी। इसके लिए शराब कंपनियां प्लास्टिक सीसी तैयार करने नई मशीन लगा रही हैं। इसके कारण चर्चित शराब की आपूर्ति में देर होने की बात कह रहे हैं। वर्तमान में जो अंग्रेजी शराब की क्वार्टर की बिक्री हो रही है, वह पूर्व का स्टाक बताया जा रहा है। शराब दुकानों में पिछले एक माह से चर्चित ब्रांड की शराब के क्वार्टर नहीं मिल रहे हैं।



### अगले महीने से मिल सकता है ब्रांड

अफसरों के अनुसार जिन शराब कंपनियों से शराब आपूर्ति करने एग्रीमेंट किया गया है, उन कंपनी के जिम्मेदार लोगों को मांग के अनुरूप शराब आपूर्ति करने निर्देश दिए गए हैं। अफसरों ने अगले महीने से या इस महीने के अंत से लोगों को उनकी पसंद के अनुसार शराब के ब्रांड मिलने की बात कही है। वर्तमान में कई ब्रांड की शराब ऐसी हैं, जिसे लोगों ने पहली बार देखा है।

### कई दुकानों से चर्चित ब्रांड के बॉटल भी गायब

प्रीमियम की कई अंग्रेजी शराब दुकानों में 760 रुपए से लेकर 800 रुपए रेंज की चर्चित ब्रांड की शराब गायब है। इनमें रायल स्टेग से लेकर रॉयल चैलेंज, मैकडॉवेल्स नंबर-1 जैसे ब्रांड की शराब नहीं मिल रही है। इसके साथ ही शराब दुकानों से रम पूरी तरह से गायब है। अंग्रेजी शराब दुकान में काम करने वाले कर्मियों से संपर्क करने पर उन लोगों ने बताया कि गर्मी में रम की डिमांड नहीं होने की वजह से रम की आपूर्ति नहीं की जा रही है।

# मंत्री टंकराम ने योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

घर-घर चलो अभियान के अंतर्गत शनिवार को उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा का सुहेला एवं नवापारा मंडल क्षेत्र के विभिन्न गांवों में दौरे में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम नागरिकों तक पहुंचाने और पात्र हितग्राहियों को उनका लाभ दिलाने का संदेश दिया।

मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले 12 वर्षों में विकास, सुशासन, सेवा और समर्पण के नए आयाम स्थापित किए हैं। केंद्र सरकार की योजनाओं का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार भी प्रधानमंत्री की जनहितकारी सोच को आगे बढ़ाते हुए किसानों, युवाओं, महिलाओं, गरीबों और जरूरतमंद वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

उक्त अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष सिमगा दौलतपाल, सुहेला मंडल अध्यक्ष करण वर्मा, युगल किशोर वर्मा, दिनेश चव्हरे, डोमार मरकंडे, मोहनलाल वर्मा, हेमराज वर्मा, सुनील वर्मा, हरिश्चंद्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



### 22 गांव का हो चुका भ्रमण

मंत्री वर्मा ने बताया कि घर-घर चलो अभियान केवल सरकार की उपलब्धियों को बताने का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि योजनाओं की वास्तविक स्थिति और उनके प्रभाव का आकलन करने का भी माध्यम है। उन्होंने कहा कि अब तक अभियान के तहत लगभग 22 गांवों का भ्रमण किया जा चुका है। उन्होंने कहा,प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हमारे क्षेत्र में लगभग 70 से 75 प्रतिशत पात्र परिवारों को आवास का लाभ मिल चुका है। हम गांव-गांव और घर-घर जाकर यह जानने का प्रयास कर रहे हैं कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंच रहा है या नहीं। मंत्री वर्मा ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दें तथा पात्र व्यक्तियों को उनका लाभ दिलाने में सहयोग करें।

### सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है

इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति ईशान वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता केवल राजनीतिक कार्यकर्ता नहीं, बल्कि समाज सेवा का माध्यम है। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने मंत्री टंकराम वर्मा का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं भी दीं। अभियान के तहत टेकार, मटिया, डिग्गी, खपरी, भोथीडीह, लोहरी, बरडीह एवं केशली सहित विभिन्न गांवों में जनसंपर्क किया गया तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों की जानकारी आमजन को दी गई।

## खबर संक्षेप

### विजय कृषि केन्द्र बंसुला का उर्वरक प्राधिकार पत्र निरस्त

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय लंगेह ने जिले के किसानों को उचित दर पर उर्वरक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को खाद के भंडारण एवं वितरण व्यवस्था की सतत निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में 16 मई 2026 को अनुविभागीय कृषि अधिकारी सरायपाली एवं वरिष्ठ कृषि अधिकारी बसना द्वारा विजय कृषि केन्द्र, पदमपुर रोड बंसुलाडीपा, बसना का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित फर्म द्वारा दुकान में उर्वरक की मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं करना, बिल बुक का संधारण नहीं करना तथा पॉस मशीन के स्टॉक एवं भौतिक स्टॉक में अंतर पाया गया। इस पर संबंधित फर्म को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। फर्म द्वारा प्रस्तुत जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के प्रावधानों के उल्लंघन के तहत विजय कृषि केन्द्र बंसुला का उर्वरक प्राधिकार पत्र निरस्त कर दिया गया है। एफआर कश्यप ने बताया कि जिले में उर्वरक विक्रेताओं की सतत जांच की जा रही है।

### 16 से 15 तक मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित

**महासमुंद।** राज्य शासन ने 16 जून से 15 अगस्त 2026 तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) घोषित किया है। इस दौरान प्रदेश सहित जिले के अधिकांश जल स्त्रोतों में मत्स्याखेट की गतिविधियां पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगी।सहायक संचालक मछली पालन ने बताया कि छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम, 1972 की धारा-3 उपधारा-2 के तहत यह प्रतिबंध लागू किया गया है। बंद ऋतु के दौरान जिले के सभी नदी, नाले, जलाशय तथा अन्य प्राकृतिक जल संसाधनों में मछली पकड़ना निषिद्ध रहेगा। केवल ऐसे छोटे तालाब एवं जल स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी या नाले से नहीं है तथा जलाशयों में संचालित केज कल्चर गतिविधियां इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगी।मछली पालन विभाग द्वारा आमजन एवं मछुआरों से बंद ऋतु के नियमों का पालन करने की अपील की गई है।

## एसपी ने बैठक लेकर की लंबित मामलों की समीक्षा, त्वरित निरक्षण के निर्देश

# नवीन न्याय संहिता के प्रभावी क्रियान्वयन पुलिसिंग में तकनीक के प्रयोग पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पुलिस अधीक्षक ओपी शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार शाम पुलिस कार्यालय बलौदाबाजार के सभाकक्ष में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नवीन न्याय संहिता के प्रभावी क्रियान्वयन, लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण तथा डिजिटल पुलिसिंग व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में जिले के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारी, थाना एवं चौकी प्रभारी, सीसीटीएनएस ऑपरेटर, पुलिस कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी तथा प्रशिक्षु उप निरीक्षक उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक ने आधुनिक पुलिसिंग में तकनीक की बढ़ती भूमिका पर बल देते हुए सभी अधिकारियों को पारदर्शी एवं जवाबदेह कार्यप्रणाली अपनाने के निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित प्रशिक्षु उप निरीक्षकों को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि नवीन न्याय संहिता का गहन अध्ययन कर उसे व्यवहारिक कार्यप्रणाली में आत्मसात करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भविष्य की पुलिसिंग तकनीकी दक्षता, संवेदनशीलता और जवाबदेही पर आधारित होगी। पीड़ितों के प्रति संवेदनशीलता तथा अपराधियों के प्रति कठोरता पुलिस का मूल दायित्व है।

उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, /"तकनीकी पारदर्शिता और समय पर न्याय दिलाना हमारी प्राथमिकता है। सीसीटीएनएस एंट्री, ई-साक्ष्य के उपयोग और लंबित मामलों के निपटारे में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी।



### लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण पर जोर

बैठक में विभिन्न थानों में लंबित अपराध, मर्ग एवं शिकायत जांच प्रकरणों की समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि पुराने एवं लंबित मामलों का गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निराकरण किया जाए।



### उत्कृष्ट कार्य करने वाले थाना प्रभारियों का सम्मान

बैठक के दौरान खात्मा डायरियों के निष्पादन एवं उन्हें समयबद्ध रूप से न्यायालय में प्रस्तुत करने में उल्लेखनीय कार्य करने वाले थाना प्रभारी लवन निरीक्षक शशांक सिंह एवं थाना प्रभारी गिधपुरी निरीक्षक उनेश देशमुख को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित

### डिजिटल पुलिसिंग को लेकर दिए महत्वपूर्ण निर्देश

समीक्षा बैठक के दौरान नवीन न्याय संहिता के तहत दर्ज प्रकरणों में विधिक प्रक्रियाओं का कड़ाई से पालन करने तथा विवेचना को अधिक सटीक एवं कानून सम्मत बनाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही सीसीटीएनएस परियोजना के अंतर्गत सभी प्रकार की जानकारी एवं आंकड़ों की समयबद्ध और शत-प्रतिशत एंट्री सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया, ताकि अपराध एवं अपराधियों का रिकॉर्ड रियल टाइम अपडेट रह सके।पुलिस अधीक्षक ने ई-साक्ष्य एवं मेडलीपार पोर्टल की समीक्षा करते हुए साक्ष्यों के डिजिटलीकरण तथा मेडिकल एवं फोरेंसिक रिपोर्टों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर समय पर अपलोड करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तकनीकी संसाधनों के प्रभावी उपयोग से न्याय प्रक्रिया को अधिक तेज और पारदर्शी बनाया

## विकास का आंकलन नारों से नहीं, आम नागरिक के जीवन में आए बदलाव से हो

**सिमगा।** अखिल भारतीय असंगठित कामगार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू हासम अली ने शासन व्यवस्था और उनके विकास के दावों पर सवाल उठाते हुए कहा कि किसी भी सरकार की सफलता का आंकलन केवल विज्ञापनों, प्रचार अभियानों और राजनीतिक नारों से नहीं, बल्कि आम नागरिक के जीवन में आए वास्तविक बदलाव से किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज देश बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की समस्याओं, श्रमिकों के अधिकारों तथा शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसी न बुनियादी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।



ऐसे में विकास के दावों की निष्पक्ष समीक्षा समय की आवश्यकता है। सरकार द्वारा आधारभूत संरचना, डिजिटल सेवाओं और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से विकास के प्रयास किए गए हैं, लेकिन इन योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक नहीं पहुंच पाता। रोजगार को देश की सबसे बड़ी चुनौती बताते हुए कहा कि लाखों शोषित युवा डिग्री प्राप्त करने के बावजूद स्थायी रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं।

सरकारी विभागों में बड़ी संख्या में रिक्त पद होने के बावजूद भर्ती प्रक्रियाएं अपेषित गति से पूरी नहीं हो रही हैं। अली ने कहा कि लोकतंत्र में सरकार और विपक्ष दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।आलोचना को विरोध नहीं बल्कि सुधार के अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए। देश का युवा रोजगार, किसान बेहतर आय, श्रमिक अधिकारों की सुरक्षा, महिलाएं सुरक्षित वातावरण तथा आम नागरिक बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं की अपेक्षा रखता है। इसलिए सरकारों को इन वास्तविक मुद्दों पर ठोस कार्ययोजना के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

# सीएम हेल्पलाइन से मिली त्वरित सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित सीएम हेल्पलाइन 1076 आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण का प्रभावी माध्यम बन रही है। जिले के ग्राम छेरकापुर निवासी श्री मोहित राम कन्नौजे को भी सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से राहत मिली है।मोहित राम कन्नौजे को वर्ष 2022 से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत मिलने वाली 2,000 रुपये की किस्त का लाभ प्राप्त नहीं हो रही थी। समस्या के निराकरण हेतु उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 1076 पर अपनी शिकायत दर्ज कराई।



- पीएम किसान सम्मान निधि की लंबित राशि के निराकरण की प्रक्रिया हुई शुरू

शिकायत प्राप्त होने के पश्चात संबंधित विभाग द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि पोर्टल में प्रकरण की जांच की गई तथा उनका भौतिक सत्यापन त्वरित रूप से कराया गया। विभाग द्वारा उन्हें आश्वस्त किया गया है कि आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद आगामी किश्तों की राशि उनके खाते में हस्तांतरित कर दी जाएगी।मोहित राम कन्नौजे ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रारंभ की गई सीएम हेल्पलाइन सेवा की सराहना करते हुए कहा कि यह आम नागरिकों के लिए अत्यंत उपयोगी पहल है। उन्होंने बताया कि अब लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ती, बल्कि एक फोन कॉल के माध्यम से उनकी समस्याओं के निराकरण की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। उन्होंने त्वरित कार्रवाई एवं सहायता के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन शासन और आमजन के बीच विश्वास एवं जवाबदेही को मजबूत करने का कार्य कर रही है।

## एक दिन में 1.13 करोड़ रुपए वसूले

**रायपुर** नगर निगम रायपुर के राजस्व विभाग ने पहली बार एक ही दिन में 1 करोड़ 13 लाख से अधिक संपत्ति कर वसूला है। यह राशि 515 संपत्ति मालिकों से संपत्ति टैक्स के रूप में वसूल की गई है।

सबसे अधिक संपत्ति कर जोन-2 क्षेत्र से 44 संपत्ति मालिकों से 26 लाख से अधिक राशि वसूली है। नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने सभी जोन कमिश्नरों को राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत अब लगातार संपत्ति कर की राशि वसूली के लिए अभियान भी चलाया जा रहा है। सभी जोन क्षेत्रों में शुक्रवार को विशेष राजस्व अभियान चलाया।

# पटपर में लगा नया उच्च क्षमता का ट्रांसफार्मर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

विद्युत उपभोक्ताओं को गर्मी के दिनों में हो रही परेशानी से अब निजात मिलने लगेगी। विद्युत विभाग ने पटपर उपकेंद्र में अतिरिक्त 01 नग 3.15 एमवीए का पावर ट्रांसफार्मर लगाया गया। इसके लगने से मातादेवालय एवं पटपर एरिया में विद्युत सप्लाई सुदृढ़ होगी।

छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी अपने उपभोक्ताओं की सुविधाओं का लगातार ध्यान रख रही है। इस भीषण गर्मी में विद्युत सप्लाई में आ रही रुकावट की शिकायत को ध्यान में रखते हुए विभागीय अधिकारियों ने इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना योजना के तहत पटपर उपकेंद्र में एक उच्च शक्ति का सफलता पूर्वक स्थापित कर दिया है। इसके लगने के बाद गर्मी और बारिश के दिनों में आने वाली विद्युत अवरोध की शिकायत से काफी हद तक राहत मिलेगी। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता जी पी अनंत, डीई व्ही.के. राठिया, कार्यपालन यंत्री प्रोजेक्ट ए के वर्मा, सहायक यंत्री भाटापारा शहर वासुदेव साहू सहायक यंत्री एस आर पटेल, सहायक यंत्री प्रोजेक्ट आकाश देवांगन, जे एस भट्टी

सहित विभाग के अन्य अधिकारी, लाइन स्टाफ सहित ट्रांसमिशन कंपनी से जुड़े कर्मचारी उपस्थित थे।



## पेज 9 के शेष

### स्कूलों में एप से ...

आपसी विवाद की स्थिति को सुलझाने में नाकाम रहने के कारण बीईओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने शाला प्रवेश उत्सव की तैयारी कि समीक्षा करते हुए कहा कि जिला एवं ब्लॉक स्तर पर बेहतर आयोजन हो जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि,अभिभावको को आमंत्रित किया जाए। नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कर अभिनन्दन करें। उन्हें गणवेश एवं पुस्तकें देकर उत्साहित करें। उन्होंने कहा कि स्कूल खुलने के बाद शाला विकास समिति की बैठक का आयोजन एवं टीचर -पेरेंट्स मीटिंग नियमत समय पर करने कहा। समीक्षा के दौरान बहुत से स्कूली बच्चों के आयुष्मान एवं आधार कार्ड अब तक नहीं बनने की जानकारी मिलने पर कलेक्टर श्री शर्मा ने आयुष्मान कार्ड के लिये नजदीकी पीएचसी में एवं आधार कार्ड के लिए चिन्हांकित स्कूलों का नजदीकी सीएससी केंद्र सेवा या सेतु केन्द्र के माध्यम से अगले 31 जुलाई तक बनवाने के निर्देश दिये।बैठक में जर्जर स्कूल भवनों, शिक्षकों की संख्या, आपार आईडी, यूडाइस, गणवेश, पाठ्यपुस्तक वितरण,मध्यान्ह भोजन, न्योता भोज आदि पर विस्तृत चर्चा कर जरुरी निर्देश दिये गये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल,एसडीएम प्रकाश कोररी, दीपक निकुंज, डीईओ संदीप शर्मा सहित डीएमसी, बीईओ, बीआरसी एवं प्राचार्य उपस्थित थे।

### आईफोन और चांदी...

बीते 11 जून की सुबह लगभग 10.30 बजे भूपेंद्र कुमार अपने कमरे में नहाने के लिए गए थे। इसी बीच मौके का फायदा उठाकर नौकर राजकुमार उर्फ मोनू ने कमरे में रखा एप्पल आईफोन 17 प्रो और घर के मंदिर से चांदी के 3 नग सिक्के पार कर दिए। चोरी किए गए सामान की कुल कीमत 47,200 आंकी गई थी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी नौकर मौके से फरार हो गया था। थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर आरोपी की तलाश शुरू की। सरगर्मी से की गई खोजबीन के बाद पुलिस ने आरोपी राजकुमार जायसवाल उर्फ मोनू 22 वर्ष, निवासी अमोदी, चौकी गिरोधपुरी, थाना गिधौरी, जिला बलौदाबाजार को धर दबोचा। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी गया 1 नग एप्पल आईफोन 17 प्रो मोबाइल और मंदिर से चुराए गए 01-01 ग्राम के 3 नग चांदी के सिक्के (कुल कीमत 47,200) शत-प्रतिशत बरामद कर अपने कब्जे में ले लिया है। आरोपी को 13 जून 2026 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### मारपीट का आरोपी...

पंचायत गातापार से पनखती तालाब को 3 लाख 73 हजार में पांच वर्षों के लिए मछली पालन हेतु लीज पर लिया था। प्रार्थी के अनुसार उन्होंने तालाब में लगभग तीन लाख रुपये मूल्य के मछली के बीज डाले थे।रिपोर्ट में बताया गया कि 19 अप्रैल की रात अज्ञात रूप से तालाब के पार को तोड़ दिया गया, जिससे तालाब का पानी बह गया और उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। अगले दिन 20 अप्रैल को प्रार्थी अपनी पत्नी बबीता चंदेल एवं भाभी प्रभा चंदेल के साथ इस संबंध में चर्चा करने पर आरोपी रामायण वर्मा 57 वर्ष और राजकुमारी वर्मा 54 वर्ष निवासी ग्राम गातापार थाना पलारी के घर पहुंचे। आरोप है कि वहां मौजूद दोनों आरोपियों ने उनके साथ अशोभनीय व्यवहार करते हुए गाली-गलौज की, जान से मारने की धमकी दी तथा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया। साथ ही प्रार्थी की भाभी प्रभा चंदेल के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट भी की गई।मामले की गंभीरता को देखते घटनास्थल निरीक्षण एवं गवाहों के बयान के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 351(2), 115(2), 3(5) तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3(1)(द), 3(1)(ध) एवं 3(2)(Vक) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपी रामायण वर्मा 57 वर्ष और राजकुमारी वर्मा 54 वर्ष निवासी ग्राम गातापार थाना पलारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें आरोपियों द्वारा घटना में संलिप्तता स्वीकार किए जाने की जानकारी दी गई। इसके बाद दोनों को विधिवत गिरफ्तार कर शनिवार को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया पूरी की गई। मामले की विवेचना जारी है।

### पुराने विवाद में...

था, जिसे लेकर परिवार द्वारा पहले भी समझाइश दी गई थी। जानकारी के अनुसार, 11 जून को दोपहर बाद पुराने विवाद के चलते आरोपी ने बलौदाबाजार नगर स्थित घटनास्थल पर पुष्पा ध्रुव पर ईंट से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। आरोपी ने महिला के चेहरे एवं सिर पर कई प्राणघातक वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई और घटनास्थल पर ही उसकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण किया। विवेचना के दौरान प्रार्थी एवं गवाहों के बयान दर्ज किए गए। साथ ही घटना में प्रयुक्त रक्तरंजित ईंट, सीमेंट-कंक्रीट का टुकड़ा, खून लगी मिट्टी, सादी मिट्टी तथा मृतका की टूटी हुई चूड़ियों को विधिवत जब्त किया गया।पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई पूर्ण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके अलावा आरोपी के घटना के समय पहने हुए खून से सने कपड़ों को भी मेमोरेंडम कथन के आधार पर जब्त किया गया है।पुलिस के अनुसार पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद आरोपी को 12 जून 2026 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक ओपी शर्मा ने कहा कि जिले में महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों एवं गंभीर हिंसात्मक घटनाओं के मामलों में पुलिस पूरी कठोरता के साथ कार्रवाई करेगी तथा किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने त्वरित कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम की सराहना भी की।

### भवन निर्माण में ...

50 फीसदी आबादी मरार समाज की है। पूर्व में हुए समाज के महाधिवेशन में ग्रामीणों की मांग पर 10 लाख की लागत से एक सामुदायिक भवन की स्वीकृति मिली थी। गांव के आजाद चौक पर इसका निर्माण कराया जा रहा है, लेकिन आरोप है कि सरपंच इस निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरत रहे हैं।

**सरपंच की धमकी पर ग्रामीणों में आक्रोशः** सरपंच की इस धमकी और घटिया निर्माण से नाराज मरार समाज और गांव के लोग बड़ी संख्या में कसडोल जनपद पंचायत पहुंचे और उग्र विरोध दर्ज कराया। ग्रामीणों की मांग है कि इस घटिया निर्माण कार्य को तुरंत रोका जाए और इसकी उच्च स्तरीय जांच कराकर गुणवत्तापूर्ण काम शुरू कराया जाए।

# सदगुरु कबीर आश्रम में मिली 300 वर्ष पुरानी पांडुलिपि, लिपि का होगा डिजिलिटिकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ज्ञानभारतम राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के अंतर्गत शनिवार को विकासखंड सिमगा के कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा स्थित सदगुरुदेव कबीर आश्रम में लगभग 300 वर्ष पुरानी हस्तलिखित प्राचीन पांडुलिपियां प्राप्त हुईं, जिनका डिजिटल संरक्षण "ज्ञानभारतम" एप के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर डॉ. भानुप्रताप साहेब का शाल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान एसडीएम अतुल शेट्टे, कबीर आश्रम समिति के अध्यक्ष प्रकाश पटेल एवं सरपंच श्री कमलेश साहू उपस्थित थे।

जानकारी के अनुसार सदगुरुदेव कबीर आश्रम में 300 वर्ष से अधिक पुरानी एवं वर्ष 1910 के मध्य कबीर साहित्य एवं विभिन्न वंशाचार्यों के निर्देश पर हस्तलिखित 28 ग्रन्थ को सहेज कर रखा गया था। इन दुर्लभ ग्रंथों की कुल पृष्ठ संख्या लगभग 2521 है। इन ग्रंथों में कबीर ग्रंथावली, पंथ श्री हुजूर नाम साहब 8 वें गुरू, जन्म वंशावली धर्मदास, शब्द होरी, ब्रम्ह समाधि, ज्ञान सकरी, अंकुर विस्तार, ब्रम्ह निरूपण, ग्रन्थ चूडामणि प्रकाश, मूल ज्ञान की सीढ़ी, अनुराग सागर, ग्रंथ विवेक सागर, अगम संदेश, रामानंद की गोष्ठी, सुल्तान बोध, काया पांजी, मूल पांजी, लोक संदेश, भेद शास्त्र, सुमरन सार भेद, जुग समाधी, सुका वाटक, निर्भय ज्ञान, पंचायन बोध पार्ट-1 से 5 तक शामिल हैं।



ज्ञातव्य है कि भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय के निर्देशनुसार ज्ञान भारतम राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण का कार्य कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में किया जा रहा है। इस सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य पांडुलिपियों की उपस्थिति का मानचित्रण करना और उनके व्यवस्थित संरक्षण, अनुसंधान और डिजिटलीकरण के लिए आधार तैयार करना है।

कलेक्टर ने कहा इस राष्ट्रीय सर्वे में सहयोग करें और कोई भी हस्तलिखित प्राचीन ग्रन्थ हो तो सर्वे टीम को जानकारी दें। इस कार्य में ग्रन्थ का केवल फोटो लेकर अपलोड किया जाएगा, मूल प्रति आपके पास ही रहेगा।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कुष्ठ रोग के शून्य संक्रमण लक्ष्य पर राजधानी में दो दिवसीय

**रायपुर।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत कुष्ठ रोग के संक्रमण को पूर्णतः समाप्त करने तथा "जीरो ट्रांसमिशन" के राष्ट्रीय लक्ष्य की प्राप्ति के लिए नया रायपुर में 2 दिवसीय क्षेत्रीय समीक्षा एवं रणनीतिक कार्ययोजना हेतु कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव एवं मिशन संचालक आराधना पटनायक, सचिव स्वास्थ्य, छत्तीसगढ़ अमित कटारिया, आयुक्त सह संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं सह मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़संजीव कुमार झा, संयुक्त सचिव भारत सरकार निखिल गजराज, कुष्ठ रोग प्रकोष्ठ के उप महानिदेशक डॉ. सुनील वी. गिट्टे सहित महाराष्ट्र, ओडिशा, झारखंड और मध्यप्रदेश के मिशन संचालक, राज्य कुष्ठ अधिकारी व क्षेत्रीय निदेशक उपस्थित रहे।

### एयरपोर्ट में मनाया जाएगा 15 को यात्री सुविधा दिवस

**रायपुर।** देशभर के विमानतलों पर 15 जून को यात्री सुविधा दिवस मनाया जाएगा। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय के निर्देश पर रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान यात्रियों को एयरपोर्ट की आधुनिक सुविधाओं, पिछले 12 वर्षों में हुए विकास कार्यों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। एयरपोर्ट के निदेशक योगेश नगाईच ने बताया कि यात्री सुविधा दिवस पर रायपुर एयरपोर्ट में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति की झलक भी देखने को मिलेगी। यात्रियों के स्वागत के लिए लोक नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे और विशेष सेल्फी प्वाइंट बनाए जाएंगे। इसके अलावा यात्रियों के लिए निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। स्कूली बच्चों को एयरपोर्ट भ्रमण कराकर विमानन क्षेत्र की जानकारी भी दी जाएगी।

### इजराइल में होम-केयरगिवर भर्ती पर चिकित्सा प्रकोष्ठ की चिंता

**रायपुर।** कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डा. राकेश गुप्ता ने राज्यपाल को पत्र प्रेषित कर कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इजराइल में होम-केयरगिवर के पदों पर भर्ती हेतु जारी विज्ञापन पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि विज्ञापन में जीएनएम, बीएससी नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग, नर्स असिस्टेंट तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी योग्यताओं वाले अभ्यर्थियों को आवेदन हेतु पात्र बताया गया है। किंतु वर्णित कार्य-दायित्वों में रोगी देखभाल के अतिरिक्त खाना बनाना, घर की सफाई, कपड़े धोना, खरीदारी करना, घरेलू कार्य करना तथा अन्य विशेष कार्य भी सम्मिलित हैं। उन्होंने कहा कि नर्सिंग एक सम्मानित, वैज्ञानिक एवं पेशेवर स्वास्थ्य सेवा व्यवसाय है। एक नर्स का कार्य रोगियों की शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक देखभाल करना, उपचार में सहयोग देना, स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करना तथा रोगी की चिकित्सा आवश्यकताओं का प्रबंधन करना है। नर्सों को वर्षों तक कठिन प्रशिक्षण देकर स्वास्थ्य सेवा विशेषज्ञ बनाया जाता है। ऐसे में उनसे घरेलू सहायक जैसे कार्य करवाना न केवल अनुचित है, बल्कि नर्सिंग व्यवसाय की गरिमा एवं प्रतिष्ठा को भी गंभीर आघात पहुंचाने वाला है।

## निधन

### पूरन लाल साहू



**अमेरा।** ग्राम अमेरा निवासी पूरन लाल साहू पर्यवेक्षक शाखा रोहांसी का शनिवार को निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 14 जून को ग्राम के मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे दुष्यंत कुमार साहू, रामखिलावन साहू के पिता थे।

### खोरबाहरीन साहू



**पलारी।** ग्राम - दतान (प.) निवासी खोरबाहरीन साहू 62 वर्ष का निधन हो गया है। जिनका काठी अंतिम संस्कार का कार्यक्रम गृहग्राम में किया गया। वे ढेलु राम साहू के पत्नी व संतोष, सोहन साहू की माताजी थी। शोक व्यक्त करने वालों में ग्रामीण साहू समाज सहित ग्रामीण शामिल हुए।

# भीषण गर्मी में न हो शाला प्रवेश, शिक्षक संघ ने की मांग


## शिक्षा सत्र 1 जुलाई से शुरू करने की मांग, शिक्षक संघ ने शासन को सौंपा सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव



छत्तीसगढ़ विद्यालय शिक्षक कर्मचारी संघ ने भीषण गर्मी, पेय जल संकट आदि को देखते हुए 16 जून की बजाय 1 जुलाई से नए शैक्षिक सत्र का शुभारंभ करने की मांग शासन से की है। संघ के प्रांताध्यक्ष संजय तिवारी ने कहा है कि सरकार के आला अफसर भले ही शिक्षा सत्र के पूरे पाठ्य पुस्तकों, गणवेश 16 जून तक उपलब्ध कराने का झूठा दावा कर रहे हैं किंतु आज भी रायपुर ,बलौदा बाजार रायगढ़ ,सारंगढ़ ,बस्तर सहित अधिकांश जिलों में ना तो पाठयपुस्तक पहुंची है न ही गणवेश। वही स्कूल शिक्षा सचिव 16 जून से विधिवत पहले ही दिन से पूर्ण कालिक अध्यापन कार्य आदेश जारी कर रहे हैं। आखिर बिना पाठ्य पुस्तकों के शिक्षक कैसे अध्यापन कार्य कर पाएंगे।

श्री तिवारी ने बताया कि पूरे प्रदेश में 75 प्रतिशत स्कूलों में पाठयपुस्तक नहीं पहुंच पाई है। वहीं गणवेश की स्थिति और भी भयावह है। शायद ही ऐसा कि जिला ब्लॉक या स्कूल हो जहां गणवेश प्रदान किया गया हो, ऐसी ही स्थित कक्षा 9वीं से 12वीं तक की छात्राओं को दी जाने वाली साइकिल की है।



### पेयजल संकट और भीषण गर्मी के बीच स्कूल खोलने पर शिक्षक संघ ने जताई चिंता

संघ पदाधिकारियों , बिलाइगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष वृषभान जगत, संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि अमूमन प्रदेश में 5 से 7 जून तक मानसून पहुंच जाता है जिससे पेय जल संकट से निजात मिल जाता है किंतु अब तक बारिश नहीं होने से ग्रामीण क्षेत्रों की शालाओं में पेय जल संकट बना हुआ है उमस भरी गर्मी एवं पेय जल की समस्या से छात्रों एवं शिक्षकों को स्वास्थ संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है अतः बेहतर होगा शिक्षा सत्र 1 जुलाई से प्रारंभ हो तब तक शासन पाठ्यपुस्तक गणवेश की उपलब्धता सुनिश्चित कर ले एवं बारिश से पेय जल एवं गर्मी से भी निजात मिल सकेगी। संघ शत्रुघन यादव, लोचन साहू, गिरीश वर्मा, अरविंद चंद्रवंशी, प्रेम शंकर ध्रुव, उमाशंकर वर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने मोबाइल ऐप से हाजिरी समेत शाला प्रवेश उत्सव 1 जुलाई ले कर व्यवहारिक होने की मांग की है।

## निःशुल्क स्पोकन इंग्लिश क्लास के समापन पर छात्रों का सम्मान

# शिक्षा और व्यक्तित्व विकास से ही बनेगा सशक्त समाज : मंत्री टंकराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

वृद्धजन परिवार फाउंडेशन की ओर से आयोजित निःशुल्क स्पोकन इंग्लिश ग्रामर एवं पर्सनैलिटी डेवलपमेंट क्लास का समापन समारोह तथा होनहार विद्यार्थियों का सम्मान समारोह हुआ। मुख्य अतिथि मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र की प्रगति का आधार है। उन्होंने वृद्धजन परिवार फाउंडेशन द्वारा संचालित स्पोकन इंग्लिश कक्षाओं की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रयास विद्यार्थियों में आत्मविश्वास एवं व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देते हैं।समारोह के दौरान विभिन्न विद्यालयों एवं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित विद्यार्थियों में जिज्ञासु वर्मा, अस्मिता आदिल, संस्कृति वर्मा, दुर्गेश्वरी, रामेश्वर प्रसाद, आयुषी, कुणाल एवं मुस्कान शामिल रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अंग्रेजी भाषण, संवाद एवं अन्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उनकी प्रस्तुतियों की अतिथियों, अभिभावकों एवं उपस्थितजनों द्वारा प्रशंसा की गई।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि मंत्री टंकराम वर्मा का जन्मदिवस भी मनाया गया। इस अवसर पर डॉ. उत्तम कुमार हरेंद्र द्वारा उनका विशेष सम्मान भगवान श्रीराम की प्रतिमा भेंट कर किया गया। उपस्थित सभी अतिथियों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने उन्हें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं तथा उनके स्वस्थ, सुखमय एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस आयोजन को सफल बनाने में तरुण, आयुष्मान, अरुण, उत्कर्ष, लुभांशु, खिलेंद्र, कनक, मोतिम, लक्ष्मी, गूंजा, दीपांजलि, ईशा तथा अन्य विद्यार्थियों ने सक्रिय सहयोग एवं सराहनीय सेवा प्रदान की।

### मंत्री टंकराम वर्मा हुए शामिल, छात्रों को किया प्रोत्साहित



#### अंग्रेजी भाषा आज के समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है

भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलत पाल, प्राचार्य सी.के. नायक, योगेश त्रिवेदी, अखिलेश्वर शुक्ला, प्रेमलता वर्मा, संजय वर्मा, विद्या वर्मा तथा पन्ना आडिल उपस्थित एवं सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अंग्रेजी भाषा आज के समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है तथा निरंतर अभ्यास और अनुशासन से विद्यार्थी जीवन में बड़ी सफलताएं प्राप्त कर सकते हैं।

#### अंग्रेजी सीखना कठिन नहीं

कार्यक्रम के आयोजक एवं वृद्धजन परिवार फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. उत्तम कुमार हरेंद्र ने कहा कि अंग्रेजी सीखना कोई कठिन कार्य नहीं है। सही मार्गदर्शन, नियमित अभ्यास और सरल शिक्षण पद्धति के माध्यम से कोई भी व्यक्ति बहुत आसानी से अंग्रेजी बोलना सीख सकता है। उन्होंने बताया कि संस्था का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों को अंग्रेजी सीखना नहीं, बल्कि उन्हें संस्कारवान, आत्मविश्वासी और जिम्मेदार नागरिक बनाना भी है।

# संयंत्र ने स्वास्थ्य केंद्रों को चिकित्सा सहयोग सामग्री और बेंच प्रदान की




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, सुदृढ़ और बेहतर बनाने अल्ट्राटेक रावन सीएसआर द्वारा जनकल्याणकारी पहल की गई है। संस्थान ने अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत क्षेत्र के छः प्रमुख ग्रामों - रावन, खपराडीह, गुमा, चुचरूंगपुर, झीपन और नेवारी - के उप-स्वास्थ्य केंद्रों से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर विभिन्न आवश्यक चिकित्सा और बुनियादी सहायता सामग्री प्रदान की है।

इस विशेष सहयोग अभियान के अंतर्गत, उप-स्वास्थ्य केंद्रों के प्रतिवेदन को ध्यान में रखते हुए मरीजों की जांच के लिए आधुनिक बी.पी. मशीन तथा दवाओं व दस्तावेजों के व्यवस्थित रख-रखाव के लिए मजबूत आयरन रैक सौंपे गए हैं। साथ ही भीषण गर्मी से राहत के लिए कूलर, मरीजों व आगंतुकों के बैठने के लिए प्लास्टिक कुर्सियां और केंद्रों के सुचारू संचालन व स्वच्छता के लिए आवश्यक ऑफिस चेयर, ऑफिस टेबल और डस्टबिन जैसी सामग्रियां प्रदान की गईं।

इसके अतिरिक्त, मरीजों की सुविधा के लिए उप-स्वास्थ्य केंद्रों में सीमेंट बेंच लगाए गए हैं, जिसमें रावन में 4, खपराडीह में 2, गुमा में 2, झीपन में 2 और चुचरूंगपुर में 2 सीमेंट बेंच शामिल हैं। अल्ट्राटेक सीएसआर टीम द्वारा किये गये इस प्रयास के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने सीएसआर केंद्र रावन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# सचिव संघ ने दिवंगत साथी के परिवार को सहायता राशि देकर दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

पंचायत सचिव संघ की ब्लॉक इकाई पलारी ने दिवंगत सचिव संतोष राम फेकर के गृहग्राम लच्छनपुर में उनके आश्रित परिवार को आर्थिक मदद प्रदान की। संघ की ओर से दिवंगत आत्मा को सच्ची श्रद्धांजलि देते हुए परिजनों को 51,000 रुपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई।

यह राशि संतोष राम फेकर की पत्नी यशोदा बाई फेकर, उनके पुत्र टिकेश्वर एवं देवेन्द्र को सौंपी गई। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि संतोष फेकर एक समर्पित सचिव थे, और उनके निधन से संघ को गहरा आघात लगा है। पूरे संगठन ने यह निर्णय लिया कि उनके परिवार को इस मुश्किल घड़ी में हर संभव सहयोग दिया जाएगा।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से चूड़ामणि साहू अध्यक्ष, पंचायत सचिव संघ, ब्लॉक पलारी, पन्नालाल ध्रुवे मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत पलारी, नरेन्द्र चन्द्राकर उपाध्यक्ष, जिला पंचायत सचिव संघ, बलौदाबाजार, योगेश वर्मा सचिव, राजेश वैष्णव प्रमुख सलाहकार एवं दिवंगत सचिव के परिजन उपस्थित रहे।

# नगर में नंदोत्सव महोत्सव मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



सिंधु सेवा समिति परिवार द्वारा मारवाड़ी कुआं, भाटापारा में आयोजित पुरुषोत्तम मास महोत्सव के 25वें दिन श्री नंदोत्सव महोत्सव मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के रूपेश माखिजा, कैलाश बालानी एवं किशोर दावानी ने सपरिवार पूजा-अर्चना के साथ किया। इसके पश्चात महिला विंग की शीतल आर्य, रीमा बतरा, आशा सबलानी, रचना पारप्यानी एवं कोमल थदवानी के नेतृत्व में भगवान श्रीकृष्ण के भजनों पर आकर्षक नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की गई। बाल स्वरूप में भगवान श्रीकृष्ण की उपस्थिति एवं भक्तिमय प्रस्तुतियों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर संस्था द्वारा समाज व नगर के प्रसिद्ध व्यवसायी प्रकाश सरिता गेहाणी की सुपुत्री खुशी गेहाणी जिसने एम एस सी क्लिनिकल सायक्लोजि मास्टर एक्जामिशन परिक्षा जीपीए में 10 में 9.5 अंक लेकर टाप किया। उसका शाल श्रीफल से सम्मान किया गया एवं नृत्य नाटिका प्रस्तृत करने वाली बहनों का भी सम्मान किया गया।

रात्रिकालीन भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक राजू पंडित ने अपने मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। इस अवसर पर संस्था के कैलाश बालानी, राजेश छाबड़िया, नंदलाल तनवानी, दिनेश सचदेव, विक्की छाबड़िया, गोविंद सहेता, शंकर ठाकुर, महेश चंदानी एवं अन्नी थारानी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।


भजन गायक राजू पंडित का स्वागत श्यामसुंदर आर्य, अनिल रोचलानी, सुरेश किंगरानी, राजेश थारानी, गुरमुख गंगवानी एवं दीपक तलरेजा द्वारा किया गया।

# मिशन उत्कर्ष 2.0 : आभासी प्रशिक्षण से संस्कृत शिक्षण में गुणवत्ता संवर्धन की नई पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार के उद्देश्य से सत्र प्रारंभ होने से पूर्व जिला उत्कर्ष मिशन के अंतर्गत रायपुर जिले के विद्यालयीन शिक्षकों एवं व्याख्याताओं के लिए 9 से 11 जून तक तीन दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण का सफल आयोजन किया गया।

आभासी पटल पर संचालित इस प्रशिक्षण में जिले भर के सैकड़ों शिक्षक एवं व्याख्याता उत्साहपूर्वक शामिल होकर अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित किए। विद्यालय एवं विद्यार्थियों के हितों को केंद्र में रखकर तैयार किए गए ब्लूप्रिंट आधारित इस प्रशिक्षण का संचालन मास्टर ट्रेनर रामजी निषाद, डॉ. व्यास नारायण आर्य एवं बसंत कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन में संस्कृत विषय हेतु संपन्न हुआ। जिलाधीश एवं जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर के मार्गदर्शन और सौजन्य से आयोजित इस प्रशिक्षण में वार्षिक परीक्षा की तैयारी, विद्यार्थियों की अधिगम संबंधी कठिनाइयों के समाधान, समस्या-आधारित प्रश्नों की समझ, सरल एवं प्रभावी शिक्षण पद्धतियों, रचनात्मक, प्रयोगात्मक, अनुप्रयोगात्मक, विश्लेषणात्मक, गुणात्मक एवं मूल्यांकन आधारित प्रश्नों की अवधारणाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। साथ ही शिक्षण-अधिगम को अधिक रोचक एवं प्रभावी बनाने के लिए चित्र-चार्ट, शैक्षणिक सामग्री निर्माण, परियोजना कार्य तथा कक्षा शिक्षण में नवाचारों पर भी विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया गया।




प्रशिक्षण में हरमन कुमार बघेल, हेमंत कुमार साहू, मनीषा, लता, अंजना साव, अंजली परिहार, अर्चना तिवारी, गोपाल वर्मा, अमित ताम्रकार, चपेश्वर गोस्वामी, नीता डहरिया, धनीराम साहू, पद्मावती चंद्राकर, जगजीवन लाल, वंदना, अनिल कुमार, छन्नूलाल बंजारे, यशवंत, मोहित, नारायण, लोकेश्वरी कश्यप, अमृतलाल, रीति, रेणु, भूपेश कुमार, युवराज मिश्रा सहित सैकड़ों व्याख्याताओं एवं शिक्षकों ने सहभागिता की।

## नागरिकों को मिलेगी बेहतर आवागमन सुविधा : शिवरतन शर्मा

# 7.60 लाख में बनने वाली सीसी रोड का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



नगर में शनिवार क्रो संत कंवरराम वार्ड में 7 लाख 60 हजार की लागत से बनने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन भाजपा के शिवरतन शर्मा ने किया।

शिवरतन शर्मा ने कहा काफी समय से जर्जर मार्ग की समस्या से जूझ रहे संत कंवरराम वार्ड के निवासियों के लिए यह सीसी रोड किसी सौगात से कम नहीं है। बरसात के दिनों में कीचड़ और गड्ढों से होने वाली परेशानी अब खत्म होगी। इस सड़क के बन जाने से स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी।

श्री शर्मा ने कहा हमारा संकल्प है कि भाटापारा नगर के प्रत्येक वार्ड में विकास कार्य हो। सड़क, नाली, पानी, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं हर नागरिक का अधिकार हैं। नगर के हर वार्ड में विकास और आधारभूत सुविधाओं का निर्माण सुनिश्चित करने हम निरंतर प्रयास कर रहे हैं। मुझे खुशी है कि इन विकास कार्यों से नागरिकों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में हम सफल हो रहे हैं। यह सीसी रोड सिर्फ एक सड़क नहीं, बल्कि वार्ड के विकास का नया मार्ग है। इस दौरान नगर पालिका सभापति बाल गोविन्द पटेल, मंडल अध्यक्ष योगेश अनंत, रवि शंकर पाण्डेय, बंशी, गोपी ध्रुव, देवेंद्र साहू, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष नीरा साहू सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# जिला किसान कांग्रेस ने पदाधिकारियों की नियुक्ति की

**पलारी।** किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष सरजू प्रसाद धृतलहरे ने पदाधिकारियों की नियुक्ति की है।

इसमें संयोजक शनि चंद्राकर सिसदेवरी, सह संयोजक रुद्रनारायण यादव टिपावन, कुंदन साहू ससहा, सलाहकार कालेंदिरी वर्मा बलौदाबाज़ार, तुलसी वर्मा रिसदा, दीपक टिकरिहा भाठापारा, बसंत आडील हतबंद, सुरेंद्र ठाकुर सुहेला, आर के शर्मा जरोद, भूनेश्वर वर्मा नयापारा सुहेला, संतोष चंद्राकर भटभेरा, भूलन वर्मा परसवानी, दयाराम यदु मोहरा, लखन साहू हिरमी, ठाकुर राम वर्मा कुथरोद, बैशाखू बंजारे कसहीडीह, कुलदीप सिंह बंजारे फंडरडीह, केजाऊवा धृतलहरे जरोद, खेलावन ध्रुव बोईरडीह, पुनऊ राम साहू हिरमी तथा महामंत्री सुंदर साहू पुरेना खपरी, धनी राम वर्मा रिसदा, गिरधर साहू हिरमी की नियुक्ति की गई है।



किसान जिलाध्यक्ष सरजू प्रसाद धृतलहरे ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि आज छतीसगढ़ में किसानों को महंगाई पेट्रोल-डीज़ल, गैस के साथ ही महंगी बिजली और खाद बीज की कमी से जूझना पड़ रहा है और भाजपा सरकार किसानों को राहत देने के लिए कोई काम नहीं कर रही। हम सब को मिलकर किसानो के हित में काम कर लोगों के लिए काम करना है।